कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

म.प्र. स्थापना दिवस के अवसर पर पन्ना टाईगर रिजर्व व विश्व प्रकृति निधि–भारत के संयुक्त तत्वावधान में ''पन्ना नेचर कैम्प 2010'' का शुभारम्भ हुआ। इस कैम्प में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2010 के 18 विजेता प्रतियोगी एवं स्कूल से कुछ शिक्षक व प्रशिक्षु रिसोर्स पर्सन भाग लिय। कैम्प का प्रारम्भ प्रातः 6.00 बजे प्रतिभागियों के द्वारा कार्यालय प्रांगण में उपस्थिति से हुआ जहां पर कैम्प के उद्देश्यों व दिन भर के कार्यक्रम के बारे में परिचय कराया गया। प्रातः 7.30 से 11.30 बजे की अवधि में नेचर ट्रेल में प्रतिभागियों ने भाग लिया। जहां पर पक्षी निरीक्षण की प्रक्रिया, फारेस्ट ईको सिस्टम, वन्यजीव महत्व, मानव के विकास में वन एवं वन्य प्राणियों का महत्व, आदि के बारे में विस्तृत चर्चा व मौके पर अवलोकन किया गया। दोपहर के भोजनावकाश के बाद 3.00 बजे पाण्डवफाल दर्शन सम्पन्न हुआ। सायं 3.30 से 4.30 बजे की अवधि में विश्व प्रकृति निधि–भारत के महा सचिव, श्री रवि सिंह एवं उनके सहयोगी दल डा0 दिवाकर शर्मा, श्रीमती संगीता सक्सेना की उपस्थिति में ''पन्ना नेचर कैम्प 2010'' का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर श्री रवि सिंह के द्वारा कैम्पों के आयोजन हेतु रु0 1.00 लाख का चेक पार्क प्रबन्धन को प्रदाय किया गया। तत्पश्चात सायं 4.30 से 6.30 बजे की अवधि में पार्क का भ्रमण किया गया। जहां पर प्रतिभागियों के द्वारा सांभर, चीतल, नीलगाय, आदि वन्य प्राणियों के दर्शन का भरपूर आनन्द प्राप्त किया गया। प्रतिभागियों को एक मादा सांभर के द्वारा अपने बच्चे को दूध पिलाने की एक रोचक घटना भी देखने को मिली। अन्त में हाथी के प्रबन्धन व उनको भोजन खिलाने की पद्धतियों के अवलोकन के पश्चात सभी लोगों के द्वारा अपने स्तर से पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे–छोटे कदम जैसे हर प्रतिभागी के द्वारा एक वृक्ष लगा कर उसकी रक्षा करना, पानी एवं ऊर्जा की बचत करना, आदि का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम समाप्त हुआ। कैम्प का संचालन, श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा रिसोर्स परसन की हैसियत से किया गया। प्रतिभागियों द्वारा प्रतिक्रिया में यह कहा गया कि–

हम बदलेंगे युग बदलेगा । हम सुधरेंगे जग सुधरेगा।।

आगामी कैम्प्स निर्धारित कार्यक्रम के मुताविक सम्पन्न होंगे।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना